अभ्यास

1. क. सही   ख. गलत   ग. गलत   घ. सही   ङ. सही   च. गलत

2. क. बाबा भारती अपना समय भगवान की आराधना और अपने घोड़े सुल्तान की देखभाल करने में बिताते थे। वे सुल्तान पर बैठकर रोज़ आठ-दस मील का चक्कर लगाते थे।

   ख. खड़गसिंह बाबा के घोड़े सुल्तान को पाना चाहता था।

   ग. खड़ग सिंह ने बाबा भारती से घोड़ा धोखे से हासिल किया।

   घ. जाते-जाते बाबा भारती ने कहा कि लोगों को अगर इस घटना का पता चल गया तो वह किसी गरीब का विश्वास नहीं करेंगे और न ही कभी मदद करेंगे।

3. क. बाबा भारती – संतोषी, दयालु

   ख. खड़गसिंह – धोखेबाज़, निर्दयी

   ग. सुल्तान – सुंदर, बलवान

4. क. जंगल में पेड़ के किनारे कंबल ओढ़े एक व्यक्ति को देखकर बाबा घोड़े से उतर गए।

   ख. बीमार व्यक्ति को तीन मील दूर जाना था।

   ग. घोड़े पर बैठा व्यक्ति खड़गसिंह था।

   घ. घोड़े पर बैठते ही बीमार व्यक्ति लगाम पकड़कर धीरे-धीरे चलने लगा।

   ङ बाबा का घोड़ा

5. क. डाकू   ख. मंदिर   ग. आठ-दस मील   घ. कंबल   ङ. गरीब   च. सुल्तान

6. संतोषी और उदार व्यक्ति कठोर से कठोर व्यक्ति का हृदय परिवर्तन करने में सक्षम होता है। बाबा के संतोषी और उदार व्यक्तित्व के कारण ही खड़गसिंह सोचने के लिए मज़बूर हो गया कि जिस घोड़े को वे अपनी नज़रों से दूर नहीं करते थे। आज उसके जाने पर भी उनके मुख पर कोई दुख नहीं था। तब भी वे गरीबों के बारे में सोच रहे थे। वह सुल्तान को वापस मंदिर में बाँध आया।

   विद्यार्थियों के उत्तर अलग-अलग हो सकते हैं।

7. खड़गसिंह – बाबा, यह घोड़ा मुझे दे दो।

   बाबा भारती – यह घोड़ा मैं तुम्हें नहीं दे सकता। यह मेरा बहुत प्रिय है।

   खड़गसिंह – लगता है, तुम्हें अपनी जान प्यारी नहीं।

   बाबा भारती – मैं इसके लिए अपनी जान भी दे सकता हूँ।

   खड़गसिंह – यह घोड़ा तो मैं लेकर ही रहूँगा।

   विद्यार्थियों के उत्तर अलग-अलग हो सकते हैं।

8. जब मेरी छोटी बहन मेरी कोई वस्तु ले लेती है, मुझे अच्छा नहीं लगता क्योंकि वह हर चीज़ को तोड़ देती है। एक बार मेरी छोटी बहन ने मेरे मोमी रंग ले लिए। उसने उन रंगों से पूरे घर की दीवारों पर चित्र बना दिए। जब मेरी मम्मी को पता चला, तो उन्होंने उसे समझाया कि रंगों से दीवारों पर नहीं कागज़ पर लिखा जाता है।

   विद्यार्थियों के उत्तर अलग-अलग हो सकते हैं।

Scanned by CamScanner